प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या प्रशिक्षण शिविर का प्रारम्भ

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के सभागार में दिनांक 24—02—2020 से जिला रैड क्रॉस सोसायटी फ़रीदाबाद और सेंट जोन एम्बुलेंस एसोसिएशन फ़रीदाबाद के सहयोग से पाँच दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या शिविर का आयोजन प्रारम्भ हुआ । शिविर में महाविद्यालय की युवा रैड क्रॉस की तीनों इकाइयों और सेंट जॉन एम्बूलैंस ब्रिगेड के 80 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं । जिला रैड क्रॉस सोसायटी फ़रीदाबाद के प्रशिक्षक श्री बी.बी. कथूरिया ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा रैड क्रॉस के सभी स्वयंसेवकों को विशेष परिस्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा सहायता और गृह उपचार की जानकारी देना है। पाँच दिनों तक चलने वाले इस शिविर में रक्त की जानकारी, रक्तदान, नेत्रदान को प्रोत्साहन, हड्डियों के टूटने पर उसका उपचार, प्रयोग होने वाली विभिन्न पट्टियों, जलने का उपचार, घटना स्थल से घायल व बेहोश व्यक्ति को कैसे उठाना है, साँप, बन्दर, बिच्छू व कुत्ते के काटने और ज़हर फैलने पर प्राथमिक उपचार आदि की जानकारियाँ दी जाएगी। युवा रैड़ क्रॉस संयोजक डॉ. जयपाल सिंह ने मंच संचालन करते हुए रैड क्रॉस के गठन, उद्देश्य और युवा रैड क्रॉस द्वारा आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला और जानकारी दी कि यह शिविर दिनांक 28—02—2020 तक चलेगा जिसमें सफल स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जायेंगे। इस अवसर पर युवा रैड क्रॉस इकाई के काउंसलर श्री सुभाष और सेंट जॉन एम्बूलैंस के काउंसलर डॉ देवेन्द्र व श्रीमती पूजा भी उपस्थित थे ।